हम को तुमसे प्यार है बाबा श्याम जी

तेरा इंतजार है बाबा श्याम जी.
हम को तुमसे प्यार है बाबा श्याम जी.

आप का भरोसा बाबा आप का सहारा है,
आप हो दया के सागर दास ने पुकारा है,
नाम मझधार है बाबा श्याम जी,
हम को तुमसे प्यार है बाबा श्याम जी.

स्वार्थी जहां में लाखो साथी न जमाने में,
मेरे श्याम लाज क्या है आप को बताने में,
श्याम सरकार है मेरी सरकार है बाबा श्याम जी,
हम को तुमसे प्यार है बाबा श्याम जी.

चाँद सितारे सारे इशारे पे चलते है,
कही पे अँधेरी राते कही दीप चलते है,
सब पुकार है करूँ पुकार है बाबा श्याम जी,
हम को तुमसे प्यार है बाबा श्याम जी.

आप को हजार बार परिणाम है,
मंदिर है सूंदर तेरा सच्चा खाटू धाम है,
कृष्ण की पुकार है बाबा श्याम जी,
हम को तुमसे प्यार है बाबा श्याम जी.

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11243/title/hum-ko-tujhse-pyaar-hai-baba-shyam-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |